फतेहगढ़ पुलिस

प्रेस नोट - थाना मेरापुर

दिनांक - 21.04.2026

थाना मेरापुर पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में नामजद 01 अभियुक्त को आलाकत्ल सहित किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर, श्री आलोक सिंह के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर, श्री हरीश चंदर के कुशल पर्यवेक्षण एवं नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मेरापुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 38/26 धारा 103(1) बीएनएस में नामजद 01 अभियुक्त मोहन पुत्र बदन सिंह को हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद टकोरा, एक शर्ट रक्त रंजित सहित गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

01. मोहन सिंह पुत्र बदन सिंह निवासी ग्राम नदौरा थाना मेरापुर जनपद फतेहगढ।

घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 19.04.2026 को वादी श्री नेकराम पुत्र बदन सिंह निवासी ग्राम नदौरा थाना मेरापुर जनपद फतेहगढ द्वारा तहरीर दी गई कि मेरे भाई ने मेरे पिता की हत्या कर दी है। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना मेरापुर पर मु0अ0सं0 38/26 धारा 103(1) बीएनएस बनाम मोहन सिंह उपरोक्त के पंजीकृत कर विवेचना के क्रम में मुखबिर की सूचना पर नामजद अभियुक्त मोहन सिंह पुत्र बदन सिंह को हत्या मे प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद टकोरा , एक शर्ट रक्त रंजित (सफेद रंग) सहित गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरणः- अभियुक्त मोहन सिंह उपरोक्त द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि मेरा मेरे पिता जी से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद था। मैनें उनसे जमीन अपने नाम करने के लिए कहा था तो उन्होने मना कर दिया तो मैनें उनसे जमीन अपने पुत्र अमन के नाम करने के लिए कहा जिस पर भी वह तैयार नहीं हुए इसी बात को लेकर पिता जी से कहासुनी हो गई। मैं खेत से आया था और मेरे हाथ में टकोरा था जो मैंने पिता जी को मार दिया जिससे उनकी मृत्यु हो गई। साहब मुझसे गलती हो गई, मुझे माफ कर दो। शेष सफाई जरिए अधिवक्ता मा0न्यायालय में देना बताया।

अभियुक्त मोहन सिंह उपरोक्त का अपराधिक इतिहासः-

01. मु0अ0सं0 38/26 धारा 103(1) बीएनएस थाना मेरापुर जनपद फतेहगढ।

बरामदगी का विवरण-

01. एक अदद टकोरा
02. एक शर्ट रक्त रंजित

गिरफ्तार करने वाली थाना मेरापुर पुलिस टीमः-

01. प्रभारी निरीक्षक राजीव पाण्डेय
02. उ0नि0 सूर्य प्रकाश उपाध्याय
03. हे0का0 संदीप कुमार
04. हे0 का0 राजवीर सिंह
05. हे0का0 प्रदीप कुमार

मीडिया सेल फतेहगढ़।